राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–115/2023

राज्यपाल ने रेड क्रॉस भवन, पटना में रेड क्रॉस फिजियोथेरेपी यूनिट, मल्टीपर्पस कॉन्फ्रेंस हॉल एवं एलिवेटर का उद्घाटन किया

पटना, 24 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रेड क्रॉस भवन, पटना में रेड क्रॉस फिजियोथेरेपी यूनिट, मल्टीपर्पस कॉन्फ्रेंस हॉल एवं एलिवेटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस की स्थापना ही लोगों की मदद के लिए हुआ है। महामहिम ने बताया कि 'नर सेवा ही ईश्वर सेवा है' और यही काम रेड क्रॉस द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'रेड क्रॉस' की मदद के लिए राजभवन हमेशा तैयार है।

उन्होंने रेड क्रॉस से युवाओं को जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि इससे जुड़ी सुविधाओं को गाँव–गाँव तक पहुँचाया जाना चाहिए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल. चोंग्थू, रेड क्रॉस सोसाईटी के बिहार स्टेट ब्रांच के चेयरमैन डॉ० वी०बी० सिन्हा तथा बिहार के विभिन्न जिला शाखाओं से आए पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....